# अक्षय तृतीया के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना का लॉटरी निकाला गया निगम भिलाई में

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में अक्षय तृतीया के अवसर पर लॉटरी का आयोजन किया गया। जो हितग्राही पहले से आवेदन जमा किए हैं और मकान का 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा किए हैं। उनको आज की लॉटरी में शामिल किया गया है। जिसमें 27 पात्र हितग्राहियों को आज के शुभ दिन के अवसर पर ड्रा के माध्यम से उनका मकान नंबर उन्हे प्राप्त हो गया है। उन्होने बहुत खुशी व्यक्त किये कि आज के शुभ दिन पर हमें लॉटरी के माध्यम से हमारा मकान मिल गया। श्रीमती सुनीता बेलदार के आंखो में एक अलग ही प्रशन्नता थी। उन्होने बताया कि आज अक्ति तिहार के दिन हमें ब्लाक क्रं. 16 मकान नंबर 04 मिला, यह हमारे परिवार के लिए बहुत ही शुभ होगा। अब हम परिवार सहित अपने स्वयं के मकान में रहूंगी। हमें अब किराये के मकान की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। प्रमुख स्थल एनार स्टेट खम्हरिया के 04 मकान, सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया के 04 मकान, कृष्णा इंजीनियरिंग के पीछे खम्हरिया के 18 मकान एवं माईट स्टोन स्कूल के पीछे खम्हरिया के 01 मकानों का आबंटन खुली लाटरी पद्वति के माध्यम से किया गया। जिसमें से 06 हितग्राही परदेशी साय को ब्लाक क्रं. 8 मकान क्रं. 2, बासन नायक को ब्लाक क्रं. 8 मकान क्रं. 1, मंजू जैन को ब्लाक क्रं. 5 मकान क्रं. 2, भागवत प्रसाद ब्लाक क्रं. 5 मकान क्रं. 3, चन्द्रशेखर जनबन्धु को ब्लाक क्रं. 16 मकान क्रं. 2 एवं पी महालक्ष्मी को ब्लाक क्रं. ए2 मकान क्रं. 2 के भूतल का मकान आबंटित किया गया। सभी ने कहा अक्षय तृतीया के दिन हमारा लॉटरी निकला है। हम लोग पुरा पैसा जमा करके अपने मकान में जल्द ही रहने जायेगें। आवास आबंटन के दौरान अधीक्षण अभियंता डी. के. वर्मा, कार्यपालन अभियंता विनिता वर्मा, प्रभारी अधिकारी आवास विद्याधर देवांगन, सीएलटीसी आदित्य ठाकुर, उत्पल शर्मा, किरण चतुर्वेदी, नम्रता सिंह ठाकुर, जी मोहन राव, जागेश्वर साहू, महेत्तर सोनी आदि उपस्थित रहे।

